गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि / बांस / परीक्षा / 2025 / 1412 दिनांकः 12.02.2025

प्रति,
संबंधित प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़।

विषयः– सत्र 2024–25 में महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों, जिन्होनें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया, सेमेस्टर दिसम्बर 2024 के कतिपय प्रश्नपत्रों में अनुपस्थित रहें, के परीक्षा आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः– कार्यालय का पूर्व पत्रांक 1315 दिनांक 16.01.2025

महोदय,

उपर्युक्त विषय अंतर्गत लेख है किः–

1. शैक्षणिक सत्र 2024–25 के दिसम्बर 2024 की विभिन्न सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 03.01.2025 से 22.01.2025 तक आयोजित की गई।
2. उक्त परीक्षा अवधि में सम्बद्ध महाविद्यालयों के कतिपय नियमित विद्यार्थियों ने विभिन्न राष्ट्रीय / पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया। उक्त आयोजन बिन्दु सं. 1 के तहत सेमेस्टर परीक्षाओं की अवधि के दौरान हुआ।
3. उक्त कारणों से कतिपय विद्यार्थी दिसम्बर 2024 सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रहें।
4. ऐसे समस्त विद्यार्थियों के कतिपय प्रश्नपत्रों की उक्त परीक्षा का आयोजन दिनांक 24.02.2025 से प्रारम्भ किया जा रहा है। (संलग्न टाईम टेबल)
5. प्रसंग अंतर्गत पत्र द्वारा महाविद्यालयों से ऐसे समस्त विद्यार्थियों की सूचना 25.01.2025 तक परीक्षा अनुभाग द्वारा चाही गई थी। पत्र के प्रतिउत्तर में प्राप्त रिकॉर्ड अनुसार परीक्षार्थियों की संबंधित प्रश्नपत्रों (खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता के कारण जिसमें विद्यार्थी अनुपस्थित रहें) की परीक्षा जारी टाईमटेबल अनुसार परीक्षा अनुभाग, वाल्मीकि भवन, विश्वविद्यालय परिसर, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा में सम्पन्न होगी।
6. इस विशेष परीक्षा में वे ही विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिनका सम्पूर्ण विवरण निर्धारित तिथि तक प्राप्त हुआ है।
7. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थी को उक्त सेमेस्टर परीक्षा का एडमिट कार्ड एवं संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्र की प्रति साथ रखनी होगी।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

उपकुलसचिव

क्रमांक :–एफ( )गोगुजवि / बांस / परीक्षा / 2025 / 1413 दिनांकः 12.02.2025

प्रतिलिपि :–

1. नियन्त्रक (वित्त), गोगुजवि, बाँसवाड़ा।
2. सम्बंधित प्राचार्य.......................... ।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, गोगुजवि, बाँसवाड़ा।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक